विद्यालय का नामः........................................................................................................

# वार्षिक परीक्षा- 2024-25

| विषय–हिन्दी | पूर्णांक– | कक्षा–7 | समय–2:30 घण्टे | नामः–.......................................... |
| --- | --- | --- | --- | --- |

## भाग–अ

निर्देशः– सभी प्रश्नों का हल उतर पुस्तिका में लिखों।

–: वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–

1. धन दौलत होने पर बहुत से लोग बन जाते है–
(अ) मित्र (ब) शत्रु (स) सम्बन्धी (द) परिवारी ( )
2. गड्डमड्ड शब्द से अर्थ है–
(अ) बेस्वाद (ब) बेकार (स) मिला हुआ (द) तीखा ( )
3. नीलकण्ठ सभी जीव–जन्तुओं का बन गया था–
(अ) सेनापति (ब) संरक्षक (स) सेनापति और संरक्षक (द) नेता ( )
4. वीर कुंवर सिंह जमीदार थे–
(अ) सोनपुर (ब) जगदीशपुर के (स) बैरकपुर के (द) आरा के ( )
5. माँ के अलावा धनराज की प्रेरक थी–
(अ) उनकी बहन (ब) उनकी शिक्षिका (स) उनकी भाभी (द) उनकी पत्नी ( )
6. आश्रम में हर महीने अतिथियों के आने की औसतन संभावना थी–
(अ) आठ (ब) दस (स) तीन (द) पाँच ( )
7. भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है–
(अ) शेर (ब) मूर्ख (स) बनावट (द) सितार ( )
8. 'यह सफेद गाय है' इसमें विशेषण शब्द है–
(अ) यह (ब) सफेद (स) गाय (द) है ( )
9. 'दुर्जन' शब्द में कौनसा उपसर्ग जुड़ा हुआ है?
(अ) दु (ब) दुर् (स) उस (द) दू ( )
10. निम्न में से कौनसा शब्द 'अश्व' का पर्याावाची नहीं हैं?
(अ) तुरंग (ब) वाजि (स) हय (द) केकी ( )

More Questions Paper Gurusevika.in

–:रिक्त स्थानों की पूर्ति करोः–

11. रक्त लाल.............के समान दिखाई देता है। (द्रव / द्रव्य)
12. मेरा मन तुमसे बहुत................होता है। (खुश / दुःख)
13. हरी लकीर वाले...........गोल कंचे उसके सामने से फिसलते गये। (सफेद / काले)
14. नई संस्कृति में हमें...............एकता के लिए नये बीच भी मिल सकते है। (राज्यीय / राष्ट्रीय)
15. बरसे बदरिया...........की। (सावन / भादों)

## भाग–ब

–:सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैः–

1. घमंडी की आँख में तिनका निकालने के लिए उसके आस–पास के लोगों ने क्या किया?
2. मोर–मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गये?
3. आश्रम में छोटे–छोटे कार्यों को करने के लिए सामान क्यों मंगवाया गया था?
4. लेटर बक्स को सभी लाल ताऊ कहकर क्यों पुकारते थे?
5. निश्चयवाचक सर्वनाम किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखिए।

–:कोई पाँच प्रश्नों के उतर दीजिएः–

6. कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं, तब क्या होता है?
7. खान–पान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?
8. पाठ के आधार पर सावन की विशेषताऐं लिखिए।
9. साक्षात्कार पढ़कर आपके मन में धनराज पिल्ले की कैसी छवि उभरती है? वर्णन कीजिए।
10. कविता के मूलभाव को ध्यान में रखते हुए बताइये कि इसका शीर्षक 'विप्लव गायन' क्यों रखा गया होगा?
11. कारक किसे कहते हैं? बताइये।

–:निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिएः–

12. वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन–कौनसी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया?

अथवा

'एक तिनका' कविता में घमण्डी को उसकी समझ ने चेतावनी दी–

ऐंठता तू किसलिए इतरा रहा,
एक तिनका है बहुत तेरे लिए,
इसी प्रकार की चेतावनी कबीर ने भी दी है–
तिनका कबहूँ न निंदिए, पांव तले जो होय।
कबहूँ उड़ि आँखिन परै, पीर घनेरी होय।।

इन दोनों में क्या समानता है और क्या अन्तर? लिखिए।

13. किन विशेषताओं के कारण हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है?

अथवा

विप्लव गायन कविता हमें क्या सन्देश देती है?

14. निम्नाकिंत गंद्याश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उतर लिखिए–

**मुझे स्वयं ज्ञात नहीं कि कब नीलकंठ ने अपने आपको चिड़ियाघर के निवासी जीव–जन्तुओं का सेनापति और संरक्षक नियुक्त कर लिया। सवेरे ही वह सब खरगोश, कबूतर आदि की सेना एकत्र कर उस ओर ले जाता जहाँ दाना दिया जाता है और घूम–घूमकर मानों सबकी रखवाली करता रहता। किसी ने कुछ गड़बड़ की और वह अपने तीखे चंचु–प्रहीर से उसे दण्ड देने दौड़ा।**

प्रश्नः–(क) यह गंद्याश जिस पाठ से लिया गया है, इसकी लेखिका का नाम बताइये।
प्रश्नः–(ख) नीलकंठ ने अपने आपको क्या कर लिया?
प्रश्नः–(ग) नीलकंठ सेनापति रूप में क्या करता था?
प्रश्नः–(घ) नीलकंठ किसी जानवर को दण्ड कैसे देता था?

15. निम्न में से कोई एक प्रार्थना–पत्र लिखिए।

(क) स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी0सी0) चाहने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए।

अथवा

(ख) प्रधानाध्यापक जी को शुल्क मुक्ति हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए।

16. निम्न में से कोई एक निबंध लिखिए।

(क) मेरा विद्यालय

अथवा

(ख) विज्ञान के चमत्कार

17. निम्न में से कोई एक कहानी लिखिए।

(क) हाथी और धूर्त सियार

अथवा

(ख) बगुले की मूर्खता

More Questions Paper Gurusevika.in